

**एक नजर में**

## 15 तक होगा भूखण्डों का आवंटन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा जिले में स्थित नवीन औद्योगिक क्षेत्र, सुनौरा खिरिया, तहसील टीकमगढ़ में रिक्त औद्योगिक भूखण्डों के आवंटन हेतु एक सितंबर 2025 प्रातः 11 बजे से 15 सितंबर को अपराह्न 5 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफइन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए हैं।**

उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर संपादित की जाएगी। प्रक्रिया अंतर्गत प्रमुख शर्तें प्रत्येक भूखण्ड हेतु आवेदन शुल्क रु. 5000 होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त ओवदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रव्याजी की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन जमा करनी होगी।

भूखण्डों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम के प्रवधानों के अनुसार किया जाएगा।नियम, प्रक्रिया एवं रिक्त भूखण्डों आदि की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

# गणेश विसर्जन : गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से गुंजायमान रहा समूचा शहर

**अनंत चतुर्दशी पर भगवान गणेश को किया विदा**

**अनेक पंडालों में चलते रहे कन्याभोज एवं भण्डारे**





**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।**
**भगवान श्री गणेश ही केवल ही ऐसे भगवान है जिन्हें हर वर्ष हम घर में स्थापित करते है और अनन्त चतुर्दशी पर उन्हें खुशी-खुशी विदा भी करते है इसीक्रम में अनन्त चतुर्दशी के पर्व पर शनिवार को गाजे-बाजे के साथ भगवान श्रीगणेश की विदाई की गई इसके एक दिन पूर्व शुक्रवार की देर रात्रि तक गणेश पंडालों में धार्मिक अनुष्ठान के चलते विशेष हवन कार्यक्रम चलता रहा, इसके अलावा शनिवार को गणेश भगवान की विदाई के साथ जगह-जगह भण्डारे चलते रहे।**

दस दिनों तक आयोजित होने वाले गणेश उत्सव पर्व का शनिवार को समापन किया गया। दस दिवसीय पर्व के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर पंडाल लगाकर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाये विराजी गई थी इसके अलावा भक्तों के द्वारा अपने-अपने घरों पर भगवान गणेश की प्रतिमा को विराजमान कर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम चलते रहे। जिसका शनिवार को समापन किया गया।

वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार गणेश जी की स्थापना अपने आप में बड़ा ही मांगलिक उत्सव है। इसके साथ शुभ-लाभ और रिद्धि-सिद्धि की स्थापना भी होती है। ये सभी शक्तियां अपने नाम के ही अनुसार प्रभाव देती है बताया जाता है कि भगवान गणपति के आगमन पर घर में रंगोली और स्वस्तिक बनाते है भगवान को स्थापित करने के बाद हर दिन पूजन और अलग-अलग प्रकार के मिष्ठानों का प्रसाद लगाकर उत्सव मनाया गया। दस दिवसीय गणेश उत्सव पर्व के दौरान लोगों के घरों के अलावा परिवार में प्रेम और एकता का भाव उपजता है वहीं भगवान श्रीगणेश की विदाई भी शुभ-मंगल एवं सिद्धि की कामना के साथ होती है। गणेश उत्सव पर्व के दौरान जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय , पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई, एसडीओपी राहुल कटरे, नगर निरीक्षक उपेन्द्र छारी, एसडीएम, नपा सीएमओ, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक विसर्जन घाट पर निरीक्षण करने पहुंचे जहां उक्त सभी अधिकारियों ने विसर्जन घाट का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। हालांकि पुलिस कप्तान मनोहर सिंह मंडलोई ने गणेश उत्सव पर्व के समाप्त होने पर भगवान की प्रतिमाओं को विसर्जन करने के दौरान शहर के प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती कर दी थी जिससे गणेश उत्सव पर लोगों ने आपसी सद्भावना से मनाया और शहर में शांति व्यवस्था कायम रही। गणेश उत्सव की झांकियॉ शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए महेन्द्र सागर तालाब स्थित विसर्जन घाट पहुंची जहां भगवान श्रीगणेश की विशेष पूजा करने के उपरांत भगवान को विदा करते हुए उनकी प्रतिमाओं को विसर्जन घाट पर विसर्जित किया गया इस दौरान विसर्जन घाट पर पुलिस बल के अलावा नगर पालिका का अमला तैनात रहा।

### गणपति भगवान में हैं नारायण की शक्तियां

गणेश चतुर्थी से शुरू हुआ गणेश उत्सव पर्व दसवें दिन भगवान गजानन की विदाई के साथ पूर्ण होता है जिसे शनिवार को समूचे जिले में मनाया गया इस दिन भगवान गणेश की मिट्टी की प्रतिमा को जल में विसर्जित किया जाता है यह एक अनुष्ठान है जो जन्म व मृत्यु के चक्र को पूर्णता देता है। जल में नारायण यानी ईश्वर का वास होता है, इसलिए भगवान गणेश और नारायण के मिलने का ये अनुष्ठान समृद्धि एवं पूर्णता का प्रतीक माना जाता है भगवान गणपति में शुभ और मंगल करने वाली भगवान नारायण की शक्तियां है इसलिए भगवान गजानन को राजसी देवता की उपाधि दी गई है।

### चंद्रग्रहण के चलते 12 बजे से विसर्जन शुरू

शहर में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शनिवार को गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हुआ। चंद्रग्रहण के सूतक के कारण दोपहर 12 बजे से छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन आरंभ किया गया।जिला मुख्यालय के अलावा जिला मुख्यालय सहित जिले के जतारा, खरगापुर, पलेरा, बल्देवगढ़, मोहनगढ़, बड़ागांव धसान, लिधौरा, दिगौड़ा के अलावा अन्य ग्रामीण एवं कस्बाई इलाकों में गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया।

### मुस्लिम अध्यक्ष ने नपा में कराया हवन-पूजन

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर नगर पालिका में स्थापित गणेश प्रतिमा का हवन-पूजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मलिक एवं सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पार्षदगण एवं परिषद के अधिकारी-कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से हवन किया। हवन के पश्चात गणेश प्रतिमा को शोभायात्रा के साथ महेंद्र सागर तालाब ले जाया गया, जहां नाव के माध्यम से तालाब के मध्य पहुंचकर प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान वातावरण गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला, सूर्यप्रकाश मिश्रा, शनि सोनी, अनीश अहमद, फरीद खान, संजू झा, मोहम्मद शान, उपयंत्री विजय यादव, दीपक विश्वकर्मा, अज्जू यादव, प्रवीण खरे, सतेंद्र साहू, उपयंत्री विजय सोनी, संतोष सिंह परमार सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं पार्षदगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मौसम विभाग ने की 52 .1 इंच औसत बारिश दर्ज



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**पिछले 24 घंटों से जिले भर में बादल छाए हुए हैं। जिसके चलते जिले में अब तक 52.1 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। यह गत वर्ष की तुलना में 17.3 इंच अधिक है। पिछले साल इसी समय 34.8 इंच औसत बारिश हुई थी।**

वहीं पलेरा तहसील में जिले की सर्वाधिक 77.4 इंच यानि 1926 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। यह सामान्य औसत 40 इंच से 37.4 इंच अधिक है। अन्य तहसीलों में टीकमगढ़ में 61.1 इंच, मोहनगढ़ में 58.2 इंच, खरगापुर में 52.56 इंच, बल्देवगढ़ में 50 इंच, जतारा में 47.5 इंच तो वहीं लिधौरा में 42.5 इंच वर्षा हुई है। सबसे कम बारिश बड़ागांव तहसील में 34 इंच दर्ज की गई है।मौसम की बात करें तो पिछले 24 घंटों से बादल छाए होने और हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट आई है। दिन का तापमान 32.5 डिग्री से घटकर 30 डिग्री और रात का तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया है। पिछले 24 घंटों से जिले भर में बादल छाए हुए हैं। जिसके चलते जिले में अब तक 52.1 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। यह गत वर्ष की तुलना में 17.3 इंच अधिक है। पिछले साल इसी समय 34.8 इंच औसत बारिश हुई थी।

## कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**जिले की राजस्व सीमान्तर्गत शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अधीन कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट विवेक श्रोत्रिय द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।**

जिसके अनुसार कोई भी व्यक्ति विभिन्न इन्टरनेट एवं सोशल मीडिया के प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, व्हाट्स एप, ट्वीटर, एसएमएस, इन्स्ट्राग्राम इत्यादि संसाधनों का उपयोग धार्मिक भावनाओं को भड़काने, जातिगत विद्वेष फैलाने, सामाजिक सौहार्द्र को ध्वस्त करने सहित कोई भी भामक एवं आपत्तिजनक सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी वर्ग, धर्म एवं संप्रदाय विशेष संबंधी भड़काऊ पोस्ट सोशल मीडिया, फेसबुक, व्हाट्स एप, ट्वीटर आदि के माध्यम से पोस्ट नहीं करेगा ना की कोई व्यकिर ऐसी किसी पोस्ट को लाइक या फारवर्ड करेगा। ग्रुप एडमिन इस बावत सूचना अपने यूजर को देवें। किसी भी प्रकार के कट-आउट, बैनर, पोस्टर, प्लेक्स, होर्डिंग, झंडे आदि जिन पर किसी भी धर्म, व्यक्ति, संप्रदाय, जाति या समुदाय के विरूद्ध नारे या अन्य भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल किया गया हो, का प्रकाशन एवं उसका किसी भी स्थल निजी एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। रैली, जुलूस, धरना स्थलों इत्यादि में अस्त्र-शस्त्र का धारण एवं उसका प्रदर्शन तथा अन्य बोधरे हथियार प्रतिबंधित हैं।

## स्वास्थ्य विभाग के डीसीएम को मिला प्रशस्ती पत्र




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभाराम रोशन ने बताया कि टीकमगढ़ जिले ने आशा कार्यक्रम अंतर्गत मोबाईल अकादमी पाठ्यक्रम में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर पूरे प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मप्र शासन राजेन्द्र शुक्ल के द्वारा डीसीएम प्रबल त्रिपाठी एवं विकासखंड निवाड़ी की आशा कार्यकर्ता नेहा को प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभाराम रोशन ने कहा कि जिले को प्राप्त यह उपलब्धि गर्व की बात है। डीसीएम प्रबल त्रिपाठी एवं आशा कार्यकर्ता नेहा तिवारी को बधाई प्रेषित कर कहा कि डीसीएम ने आशा कार्य कर्ताओं को यह कोर्स शत-प्रतिशत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है आशा की इसी प्रकार जिम्मेदारियो का निर्वाहन कर सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम में शत-प्रतिशत उपलब्धियां प्राप्त करेगे। सीएमएचओ ने बताया कि जिले ने आशा कार्यक्रम अंतर्गत मोबाइल अकादमी पाठ्यक्रम में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है।

## छात्रावास में हो रहा विद्यार्थियों का नवीनीकरण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले में संचालित अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक, कन्या कुल 5 छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु विद्यार्थियों को ऑनबोर्डिंग की कार्यवाही की जा रही है। छात्रावास में नवीनीकरण विद्यार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर 10 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से ऑनबोर्ड किया जायेगा।**

प्रवेश हेतु नवीन विद्यार्थी अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित आवास सहायता योजना का लाभ लेने हेतु विभाग के एमपीटॉस पोर्टल पर बेबसाईड के माध्यम से आवास सहायता योजना हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालयीन बालक, कन्या कुल 5 छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र हेतु विद्यार्थियों को ऑनबोर्डिंग की कार्यवाही की जा रही है।

## शिक्षक एवं मेधावी विद्यार्थी सम्मानित



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**जैन समाज के सोशल ग्रुप द्वारा 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर इंद्रपुरी कॉलोनी में सोशल ग्रुप फेडरेशन ने शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर उत्कृष्ट शिक्षक एवं मेघावी छात्र का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने जानकारी देते हुए बताया कि सोशल ग्रुप ने फैडरेशन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया एवं उत्कृष्ट शिक्षक अरविंद कुमार जैन शास्त्री शिक्षक एवं मेधावी छात्र अभिनव जैन का सम्मान समाज के विशिष्टजनों के मध्य किया गया। इस अवसर पर मंदिर के अध्यक्ष कुंदन लाल जैन महामंत्री अशोक कुमार जैन, नरेंद्र जैन, पंडित निर्मल जी जैन एवं वरिष्ठ नागरिक जनों के सानिध्य में सोशल ग्रुप शाखा टीकमगढ़ के संस्थापक अध्यक्ष अनिल जैन एडवोकेट पूर्व सचिव सुनील घुवारा, पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश राजा, देवेन्द्र ककरवाहा डॉ. उमेश जैन एवं वर्तमान अध्यक्ष सुनील कुमार जैन, सचिव जिनेंद्र कुमार जैन, कोषाध्यक्ष पवन कुमार जैन एवं सदस्यगण जिनेंद्र घुवारा, अभय तेवरैया, संजय वैद्य, विजय , जितेंद्र जैन, सुरेंद्र वैसा, डॉ. अंकित जैन, डॉ. कुशल जैन, शुभम जैन, अमित जैन आदित्य जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जैन समाज के सोशल ग्रुप द्वारा 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर इंद्रपुरी कॉलोनी में सोशल ग्रुप फेडरेशन ने शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर उत्कृष्ट शिक्षक एवं मेघावी छात्र का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## जैन समाज के 18 जिनालयों में हुए विशेष अनुष्ठान

**आज जैन समाज निकालेगा विशाल शोभायात्रा**

**समाज के लोग अपने प्रतिष्ठान बंद कर होंगे शामिल**



**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़।**
**शहर में जैन समाज ने दस लक्षण पर्व के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया। शहर के 18 जिनालयों में विशेष अनुष्ठान संपन्न कराए गए। जिनमें जैन समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया । इस दौरान जैन समाज की महिलाएं भी भक्ति में लीन दिखाई दी। बाजार जैन मंदिर में विराजमान मुनि संघ के सानिध्य में धार्मिक कार्यक्रम संपन्न किए गए।**

वहीं शहर के आदिनाथ धाम में सुबह से भक्तों का आगमन शुरू हुआ। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मुनि सुब्रतनाथ भगवान, पारसनाथ भगवान और आदिनाथ भगवान का अभिषेक किया। जैन धर्म में चतुर्दशी तिथि को विशेष माना जाता है। इस दिन की ऊर्जा मनोकामनाएं पूर्ण करने वाली मानी जाती है। अधिकांश समाज के लोगों ने उपवास रखा।

आदिनाथ धाम में सुनील शास्त्री और राजेश शास्त्री के मार्गदर्शन में श्रीजी का अभिषेक और शांति धारा हुई। भाद्र शुक्ल अनंत चतुर्दशी पर बारहवें तीर्थंकर बांसुपूज्य भगवान का निर्वाण महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर निर्वाण लाडू भी अर्पित किए गए।

आज रविवार को दस लक्षण पर्व का समापन क्षमा वाणी पर्व के रूप में होगा। दोपहर 1 बजे बाजार जैन मंदिर से मुनि संघ की उपस्थिति में शोभायात्रा निकलेगी। नगर भ्रमण के बाद यात्रा नजरबाग में समाप्त होगी, जहां मुनि संघ के प्रवचन होंगे।

शहर के हृदय स्थली 1008 पारसनाथ बाजार जैन मंदिर से आज रविवार को दोपहर 1 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी। धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होकर शाम 4 बजे नजर बाग प्रांगण पहुंचेगी ।

इस शोभा यात्रा के दौरान महावीर पार्क सिंधी धर्मशाला के पास ध्वजारोहण होगा समाज का पूरा बाजार बंद रहेगा । जनता ने बताया की शोभा यात्रा में पुरुष वर्ग सफेद वस्त्र एवं माताएं ,बहने पीले परिधान में शामिल होंगी महाराज श्री 108 सौम्य सागर जी, 108 श्री जयंत सागरजी महाराज, का सानिध्य प्राप्त होगा जैन समाज के सभी जन उत्तम क्षमा कहते हुए क्षमा बाणी पर्व मनाएंगे ।

**अभियान** चार वर्षीय गुमशुदा बच्ची को सकुशल पहुंचाया परिजनों तक

# पुलिस के हेल्पिंग हैंड अभियान को मिली बड़ी सफलता




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**पुलिस महकमे द्वारा जिले भर में हैल्पिंग हैंड अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पुलिस कप्तान मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। जिसके चलते स्थानीय कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। बीते रोज ईद मिलादुन्नबी के पर्व के दौरान एक 4 वर्षीय बच्ची अपने परिजनों से बिछड़ गई थी। पुलिस ने इस अभियान के तहत बच्ची को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।**

जानकारी के मुताबिक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा यह एक अत्यंत सराहनीय कार्य किया गया। शहर में शुक्रवार ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान एक 4 वर्षीय मासूम बच्ची जिसका नाम अलसिफा है वह भीड़ में अपने माता-पिता से बिछड़ गई थी। बच्ची भयभीत थी और अपना पता बताने में असमर्थ थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली के एचसीएम मनीष भदौरिया, प्रधान आरक्षक मुकेश एवं आरक्षक बृजेन्द्र दांगी ने तुरंत पहल करते हुए बच्ची के माता-पिता की तलाश प्रारंभ की। पुलिस महकमे द्वारा जिले भर में हैल्पिंग हैंड अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पुलिस कप्तान मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। जिसके चलते स्थानीय कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। बीते रोज ईद मिलादुन्नबी के पर्व के दौरान एक 4 वर्षीय बच्ची अपने परिजनों से बिछड़ गई थी। पुलिस ने इस अभियान के तहत बच्ची को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

जैसे ही बच्ची ने अपने परिजनों को देखा तो उसने राहत की सांस ली। वहीं परिजनों ने बच्ची को पाकर कोतवाली पुलिस के इस सराहनीय कार्य की जमकर प्रशंसा की। हालांकि जिले की पुलिस इस तरह के कार्य निरंतर करने में अग्रणी रहती है।

### पुलिस ने सर्वोत्तम सेवा की भावना को किया जीवंत

बच्ची की गुमशुदगी के मामले में लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने बच्ची के पिता हफ़ीज तनय क़ासिम खान एवं माता रूबिना, निवासी मोटे का मोहल्ला, टीकमगढ़ को खोज निकाला और सुरक्षित रूप से बच्ची को उनके सुपुर्द किया। बच्ची को पाकर परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू थे और परिवार के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। यह कार्य न केवल पुलिस की संवेदनशीलता और सतर्कता का उदाहरण है, बल्कि जनसेवा ही सर्वोत्तम सेवा की भावना को भी जीवंत करता है।

## देशभक्ति एवं साहस की भावना से किया प्रेरित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**मॉ तुझे प्रणाम मध्यप्रदेश शासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग की द्वारा संचालित लोकप्रिय योजना मॉ तुझे प्रणाम योजना है, जिसका उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र की सीमाओं की यात्रा के माध्यम से सीमा पर सैन्य गतिविधियों से अवगत कराना तथा उन्हें देशभक्ति एवं साहस की भावना से प्रेरित करना है।**

योजना के अन्तर्गत भारत की अन्तराष्ट्रीय सीमा पर 15 से 25 वर्ष के युवक एवं युवती भ्रमण हेतु आवेदन कर सकते है। युवक एवं युवती सीमाओं पर तैनात सेना के जवानो से मिलेगें तथा वह किस प्रकार वहां रह कर कैसे देश की रक्षा करते है व किन परिस्थितियों में रहते है ये सब वहॉ पर भ्रमण कर जानेगें। प्रत्येक विकास खण्ड से 05 युवक एवं 05 युवती एक एनसीसी, एक खिलाड़ी, स्काउट गाईड का चयन किया जायेगा।

## वैज्ञानिकों ने बताईं मत्स्य पालन की युक्तियां



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**कृषि विज्ञान केंद्र के मत्स्य पालनवैज्ञानिक डॉ. सतेंद्र कुमार तथा प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बीएस किरार ने मत्स्य-पालकों के लिए सितम्बर माह के लिए सलाह जारी की है।**

डॉ. बीएस किरार ने बताया कि सितम्बर का महीना मत्स्य पालन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण संक्रमण काल होता है, जो मानसून की विदाई और आने वाले शीतकाल की तैयारी का संकेत देता है। इस महीने में किए गए सही कार्य न केवल मछलियों के स्वास्थ्य और विकास को सुनिश्चित करते हैं, बल्कि आगामी महीनों में अधिकतम उत्पादन और लाभ भी प्रदान करते हैं।

वर्षा की स्थिति में यदि मछली पानी की सतह पर आ रही है और ऑक्सीजन की कमी के कारण वायुमंडलीय हवा को ग्रहण करने की कोशिश कर रही है, तो ताजे पानी या एरीएटर के उपयोग से पानी को तुरंत हवा दें, खिलाना बंद कर दें। आंशिक रुप से मछली निकासी की जाएं, यदि मत्स्य संचयन दर अनुशंसित घनत्व से अधिक है। भारी तीव्र वर्षा के परिणामस्वरूप पानी की ऊपरी परतों में अचानक अचानक पीएच परिवर्तन हो सकता है ।